परीक्षा के दौरान मन से डर एवं तनाव को दूर कर साहसी व निडर बनें बच्चे- भूपेश बघेल

» बच्चों ने कहा कि-मुख्यमंत्री जी की परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रहने की प्रेरणा है पथप्रदर्शक

» आदिवासी बालक छात्रावास के बच्चों ने तन्मयतापूर्वक सुना लोकवाणी

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की सातवीं कड़ी को आज शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास क्रमांक 2 रायगढ़ में बड़ी संख्या में बच्चों एवं युवाओं ने तन्मयतापूर्वक सुना।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बच्चों एवं युवाओं से कहा कि परीक्षा के दौरान मन से डर एवं तनाव को दूर करें तथा हिम्मती, साहसी व निडर बनें। अपनी पूरी मेहनत करें और आत्मविश्वास बनाये रखें। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा के समय बच्चों को आत्मीयता एवं सहयोग की अधिक जरूरत होती है इसलिए उन्हें तनाव से बचाना जरूरी है। बच्चों का मनोबल बढ़ायें और घर का वातावरण ऐसा होना चाहिए कि बच्चा शांत मन से एकाग्रचित होकर पढ़ाई करे। उन्होंने कहा कि हर किसी की जिंदगी में शिक्षा से बड़ा परिवर्तन आता है। इसलिए एक निश्चित स्तर तक पढ़ाई सबके लिए जरूरी है। शिक्षा से कैरियर के बहुत सारे रास्ते खुल जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बच्चों की रूचि का सम्मान करना सीखना पड़ेगा कि किस बच्चे का कैरियर उसकी किस प्रतिभा से बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को भारत के संविधान, भारत की संस्कृति, अपने प्रदेश की अस्मिता, ग्राम सेवा, सामाजिक सरोकार, पढ़े-लिखे युवाओं की ग्राम विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस क्लब को 10 हजार रुपए प्रतिमाह सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन बच्चों की अभिरूचियों को दिशा प्रदान करते है। युवा महोत्सव के माध्यम से लाखों युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में शामिल हुए।

बीकाम अंतिम के विद्यार्थी हेमानंद भोय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हम विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहने के लिए जो प्रेरणा दी है वह पथप्रदर्शक है। बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सुनील राठौर ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री की यह बात अच्छी लगी कि उन्होंने बच्चों से कहा है कि परीक्षा के दौरान मोबाइल एवं अन्य टेक्नालॉजी का उपयोग कम से कम करें और अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी भानु प्रताप ने कहा कि हम जैसे दूरदराज गांव में रहने वाले युवाओं के लिए राजीव गाधी मितान क्लब हमें अपनी संस्कृति से जोडने एवं हुनर प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करेगा। वहीं उन्होंने मितान क्लब के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपए की राशि की पहल को भी सराहनीय बताया। वहीं युवा महोत्सव भी युवाओं की हॉबी एवं उनकी प्रतिभा को सामने लाने के लिए शासन की ओर से एक बहुत अच्छा आयोजन रहा है। बीएस अंतिम के विद्यार्थी राकेश मनहर ने कहा कि बड़ी संख्या में स्थायी पद पर भर्तियां की जानी है, यह सुनकर बहुत खुशी हुई।

महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री ने भगवान राजीव लोचन की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजिम के भगवान राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, वाणिज्य कर मंत्री श्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, अभनपुर विधायक श्री धनेन्द्र साहू, राजिम विधायक श्री अमितेष शुक्ल, सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आज

रायगढ़ (आरएनएस)। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन 10 फरवरी को किया जाएगा। मैराथन दौड़ प्रातः 7 बजे से टीवी टी.वी.टॉवर रोड डिग्री कालेज के पास से प्रारंभ होगा। 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कोई भी बालक-बालिका एवं महिला-पुरूष इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। मैराथन दौड़ में प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिया जाएगा। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गो में प्रथम को 1000 रुपए, द्वितीय को 500 रुपए, तृतीय को 300 रुपए, चतुर्थ को 200 रुपए एवं पंचम को 100 रुपए की नगद राशि दी जाएगी। दौड़ में भाग लेने हेतु धावक ब्लॉक नोडल अधिकारी देवेन्द्र मिश्रा मो.न.94252-50454 में संपर्क कर रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में पंजीयन करा सकते है।

500 बोरी सीमेंट खरीदने में हुई धोखाधड़ी, 70 हजार का लगा चूना

रायपुर (आरएनएस)। शहर में लोहा सीमेंट एवं छड़ सहित विभिन्न सामाग्रियां बेचने वाले भी लोगों के साथ इन दिनों मोबाइल पर सौंदा करने के बाद खाते में पैसा आने पर माल सप्लाई न कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आदेश जैन आयु 43 वर्ष पिता कैलाश जैन निवासी समता कालोनी ई 94 शिव मंदिर के साथ विक्रेता द्वारा सस्ता सीमेंट बेचने का ऑफर मोबाइल कॉल कर दिया गया। प्रार्थी द्वारा 500 बोरी सीमेंट का आर्डर देने पर मॉल वाहक वाहन में सीमेंट की बोरी लोड की गई किंतु कीमती 70 हजार रुपये खाते में आने के बाद उक्त सामाग्री क्रेता को नहीं पहुंचाकर धोखाधड़ी की गई उक्त मामले में विक्रेता के खिलाफ थाना आजाद चौक ने आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

डिजाइनर कपड़ों पर काम करें देवांगन समाज, बाजार उपलब्ध कराएगी सरकार

» मुख्यमंत्री परमेश्वरी महोत्सव में हुए शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारा कोसा दुनिया भर में विख्यात है। इसके पीछे देवांगन समाज की कड़ी मेहनत है। इसके साथ ही वस्त्र व्यवसाय में लगे समाज के लोगों को डिजाइनर कपड़ों की ओर भी रुख करना चाहिए ताकि उन्हें विस्तृत बाजार का लाभ मिल पाए। बाजार की उपलब्धता की दिशा में शासन द्वारा पूरी मदद की जाएगी। वे आज पाटन में परमेश्वरी महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी मैं दंतेवाड़ा गया। वहां पर मैंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं का काम देखा। वे कपड़े डिजाइन कर रही हैं और इसे बंगलुरू और चेन्नई में भी भेज रही हैं। इसका अच्छा बाजार इन शहरों में बन गया है। हमारा परंपरागत वस्त्र कौशल शानदार है। इसमें नए जमाने के वस्त्र प्रयोगों के मुताबिक डिजाइन बनाये जाएं तो बड़ी आर्थिक संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्पादों की विशिष्ट मांग बाजार में है। केवल देश में ही नहीं, विदेशों में भी। इनके व्यावसायिक संभावनाओं के विस्तार के लिए हमने बीते दिनों रायपुर में सेलर्स-बॉयर्स प्रोग्राम का आयोजन किया था, इसमें 16 देशों की 48 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विदेशों में छत्तीसगढ़ के कोदो, कुटकी तथा सांवा की भारी डिमांड है। यह उत्पाद हेल्थ सेक्टर में काफी उपयोगी हैं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के कपड़ों में भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार की काफी रुचि है। अब समय आ गया है कि अपने हुनर को बड़ा प्लेटफॉर्म दें। शासन आपके पूरे सहयोग के लिए वचनबद्ध है।

शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अन्तर्गत निवासरत 28 वर्षीय महिला द्वारा गांव के युवक पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडिता ने बताया कि वर्ष 2010 में इसका सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ था। इसके बच्चे हैं। इसके पति का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही थी तभी गांव का अविवाहित युवक इसे शादी कर रखूंगा कहकर पिछले एक साल से शारीरिक संबंध बनाकर रखा था। अब युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। पीडिता के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना

धरमजयगढ़, चौकी रैरूमाखुर्द में अप.क्र. 17/2020 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को एफ.आई.आर. होने की जानकारी होने पर सकुनत से फरार हो गया है। चौकी रैरुमा पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी कर रही है ।

ओटीपी नं. पूछकर खाते से ठगे 50 हजार रूपये

न्याय साक्षी/रायगढ़। शिकायतकर्ता हीरालाल सारथी निवासी कांशीचुआ डोंगीतराई खरसिया ठाकुरदिया के पशु चिकित्सारयल में कार्यरत है। हीरालाल सारथी के मोबाईल नंबर 963059..... पर दिनांक 22.11.2018 को प्रातः 10:26 बजे मोबाईल नंबर 997382.....से यह कहकर फोन आया कि एस0बी0आई0

अधिकारी अरूण कुमार मिश्रा बोल रहा हूं, आपका खाता बंद हो गया है। उसके बाद दिनांक 23.11.2018 को सुबह लगभग 10.30 फिर फोन आया और कॉलर ने आधार कार्ड नंबर एवं ए0टी0एम0 नंबर पूछा उसके बाद कॉलर ने हीरालाल सारथी से उसके मोबाईल पर आये ओ0टी0पी0 के बारे में भी जानकारी लिया जिसे बताने पर हीरालाल के खाते से 50,000 रूपये आहरण हो चुका था।

जब हीरालाल ए0टी0एम0 से स्टेटमेंट निकाला तब उसे जानकारी हुआ। शिकायत जांच उपरांत थाना खरसिया में अप.क्र. 71/2020 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कापू से मवेशी चोरी जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कापू अन्तर्गत ग्राम कुमरता के तीन रहवासी द्वारा गांव में दिनांक 05/02/2020 से दिनांक 08/02/2020 की रात्रि कोई अज्ञात चोर उनके मकान का दरवाजा बाहर से बंद कर मवेशी कोठा से बकरा-बकरी (कुल 03 रास खस्सी, 05 रास बकरा,07 रास बकरी कीमती करीब 46,000 रूपये) चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। गांव के लोगों द्वारा पूर्व में मवेशी चोरी के संबंध में चालान हुये छोटू ऊर्फ देवेन्द्र डनसेना के ऊपर मवेशी चोरी का शंका किया गया

था। जिसे कापू पुलिस द्वारा थाने में तलब किया गया। संदेही चोरी से इंकार किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 06, 07, 08/2020 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

सड़क पर अकेली घूम रही वृद्ध महिला के लिए राइनो को इवेंट

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतवाली राइनो -2 (जूटमिल) को दिनांक 08.02.2020 को रात्रि करीब 8:00 बजे वुमन ऑफेंस इवेंट मिला , जिस पर कोतवाली (जुटमिल) की ईआरव्ही वाहन सावित्री नगर पहुंची।

जहां आग ताप रही महिलाओं ने बताया कि वृद्ध महिला अकेली सड़क में घूम रही थी जिसे बुलाकर आग तापने के लिए बोले। महिलाओं ने बताया कि यह महिला अपना नाम, पता नहीं बता पा रही है। राइनो स्टाफ आरक्षक डेहरु उरांव ने महिला से पूछताछ किया तो महिला उसके परिचित व्यक्ति को रायगढ़ के एक कपड़े दुकान में काम करना बताई, राइनो स्टॉप महिला को लेकर उस कपड़े दुकान में जाकर पूछताछ किए तो दुकान में उस नाम का कोई व्यक्ति काम करना नहीं बताया गया।

उसके बाद महिला अपने एक लड़के को चक्रधरनगर में रहना बताई किंतु सही पता ठिकाना नहीं बता रही थी। महिला किसी अच्छे घर की रहने वाली लग रही थी जिसे स्टाफ द्वारा सखी सेंटर पहुंचाया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल से योगेन्द्र सिंह यादव ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके रायपुर निवास कार्यालय में भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक, चुनाव विश्लेषक और वरिष्ठ नेता श्री योगेन्द्र सिंह यादव ने सौजन्य मुलाकात की।

राष्ट्रीय कृषि मेला -नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी पर आधारित झांकी का होगा जीवंत प्रदर्शन

रायपुर। राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन रायपुर जिले के फल-सब्जी उप मंडी तुलसी बाराडेरा में 23 से 25 फरवरी तक किया जाएगा। मेला में शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इसमें योजना के लागू होने से पशुधन के संरक्षण, संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रही वृद्धि के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। साथ ही पशुधन से प्राप्त होने वाले गोबर तथा गो-मूत्र इत्यादि से तैयार की जाने वाली उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के चार आधार स्तभों को ध्यान में रखते हुए सुराजी गांव की परिकल्पना की गई है। इस अवधारणा को मूर्तरूप देने के लिए कृषि एवं संबंद्ध विभाग के साथ-साथ ग्रामीण विकास, जल संसाधन, राजस्व, ग्रामोद्योग तथा ऊर्जा आदि विभागों द्वारा महती भूमिका निभायी जा रही है। इसमें नरवा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में उपलब्ध जल स्रोतों का संरक्षण करने से ग्रामीण अंचलों में किसानों को पानी उपलब्ध होगा और भू-जल स्तर में भी वृद्धि होगी। घुरवा से जैविक खाद के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों को कम लागत में जैविक खाद उपलब्ध होगा और भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ेगी। इस योजना के तहत पशुओं के रख-रखाव, देखभाल और संवर्धन के लिए गरूवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

साथ ही प्रत्येक गांव में ग्रामीणों के घर के पीछे भूमि पर साग-सब्जियों तथा फलों आदि उत्पादन किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को जहां पोषण आहार प्राप्त होगा। वहीं फल-सब्जी के विक्रय से उनकी आर्थिक क्षमता में वृद्धि होगी।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने आज छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज, करपात्री स्कूल सहित अन्य केन्द्रों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि कवर्धा में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए कवर्धा में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली 10 से 12 बजे और दूसरी

पाली 3 से 5 बजे तक होगी। कलेक्टर श्री शरण ने पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए आयोजित प्रथम पाली का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि कवर्धा के 5 केन्द्रों में 2484 परीक्षार्थियों शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया है। प्रथम पाली में 274 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। परीक्षा नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अरूण कुमार सोनकर ने बताया कि परीक्षा की प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1001 में 647, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 02 में 397, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 03 में 309, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 04 में 540 और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 05 में 317 परीक्षार्थी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान कवर्धा एसडीएम श्री विपुल गुप्ता एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

सुंदर रायगढ़ के सपने को साकार करने में सहयोग प्रदान करे-जानकी अमृत काटजू

» फिल्टर प्लांट का जीर्णोद्धार जरूरी....

रायगढ़ (आरएनएस)। जैसे-जैसे शहर बढ़ रहा है वैसे वैसे समस्याएं भी पाँव पसारने लगते हैआने वाली गर्मीयों में पानी की समस्या अपना रुप लेने लगती है भविष्य में होने वाली इन्हीं समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए नव नियुक्त महापौर श्रीमती जानकी काट्जू रायगढ़ के बाघ तालाब स्थित फिल्टर प्लांट में औचक निरीक्षण करने पहुंची तथा प्लांट में पानी की समस्याओं से अवगत हुई निरीक्षण के दौरान पाया गया रायगढ़ फिल्टर प्लांट में केवल दो ही फोल्डर पंप हैं जिससे पूरे शहर को पानी सप्लाई किया जाता है जबकि शहर कैपिसिटी के अनुसार चार फोल्डर पम्प की आवश्यकता है।

ताकि कोई एक पंप खराब हो जाये तो बाकी से काम निरंतर चलता रहेगा एव सुचारु रुप से पानी का रिप्लाई पूरे शहर को होता रहेगा दूसरी समस्या प्लांट के पाइप सभी पुराने हो चुके है पाईप स्थिति जर्जर हो चुकी है जो गंभीर समस्या के रुप में सामने आ रही है तीसरी और सबसे बड़ी समस्या है कि शहर का फिल्टर प्लांट किराए के ट्रांसफार्मर में चल रहा जो कम क्षमता वाली है चुकी फिल्टर प्लांट के पास खुद का ट्रांसफार्मर नहीं होने से आए दिन पानी की समस्या का शहरवासियों को सामना करना पड़ता है इन समस्याओं को देखते हुए महापौर ने फिल्टर

प्लांट जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम से कोटेशन की जानकारी मांगी है तथा इसपर उचित निराकरण निकालने हेतु कमर कस ली है।

श्रीमती काटजू शहर की एक-एक समस्या को बारी बारी से जानकर उनके निराकरण के लिए तथा शहर को सुंदर स्वच्छ व्यवस्थित कैसी रखा जाए हर संभव कार्य करने को तैयार है शहर की जनता से अपील करती है कि अपने आसपास के क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन्हें आकर स्वयं वह महापौर से कहे सुंदर रायगढ़ के सपने को साकार करने में सहयोग प्रदान करें तथा अपने आसपास की समस्याओं से अवगत कराएं ताकि समय रहते मैं उन समस्याओं का निराकरण कर सकू महापौर के दौरे पर उनके साथ नगर निगम के जल प्रभारी त्रिलोक चंद शर्मा, एमआइसी सदस्य विकाश ठेठवार,लक्ष्मी प्रसाद साहू साथ थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480